दिनांक–19.10.2024 समय–7.10एएम

प्रादेशिक समाचार

आकाशवाणी, भोपाल

**मुख्य समाचार,**

- **केन्द्रीय मंत्री नितिन गडकरी आज सड़क और पुल निर्माण में नई तकनीक पर सेमीनार का भोपाल में करेंगे शुभारंभ।**
- **खनिज सम्मेलन में प्रदेश में 33 औद्योगिक संस्थानों की ओर से 19 हजार करोड़ से अधिक के निवेष प्रस्ताव आए।**
- **प्रदेश में फार्मा पॉलिसी बनेगी।**
- **सतना में स्कूली बास्केटबॉल के बालक वर्ग में इंदौर, बालिका वर्ग में जबलपुर विजेता बनी।**

**सड़क सेमिनार**

**मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव और केन्द्रीय सड़क एवं परिवहन मंत्री नितिन गडकरी आज भोपाल में सड़क और पुल निर्माण के क्षेत्र में उभरती नवीनतम प्रवृत्तियों और तकनीकों पर दो दिवसीय सेमिनार का शुभारंभ करेंगे।**

***मध्यप्रदेश की राजधानी भोपाल में आज से सड़क और पुल निर्माण के क्षेत्र में उभरती नवीनतम प्रवृत्तियों और तकनीकों पर दो दिवसीय राष्ट्रीय सम्मेलन का आयोजन किया जा रहा है***

***सम्मेलन में सड़क और पुल निर्माण की नवीनतम तकनीकों, सामग्रियों और अनुबंध निष्पादन से जुड़े विभिन्न पहलुओं पर विशेषज्ञ अपने अनुभव और सुझाव साझा करेंगे।***

*सम्मेलन का उद्देश्य प्रदेश में सड़क और पुल निर्माण की गुणवत्ता को बढ़ाने और नवीनतम तकनीकों से समयबद्ध और टिकाऊ अवसंरचना का विकास सुनिश्चित करना है।*

*सम्मेलन का उद्घाटन केन्द्रीय सड़क एवं परिवहन मंत्री नितिन गड़करी और मप्र के मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव करेंगे. इसका आयोजन भारतीय सड़क कांग्रेस और मध्यप्रदेश के लोक निर्माण विभाग के सहयोग से हो रहा है।*

*मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने बताया कि इस दो दिवसीय सम्मेलन से मध्यप्रदेश के अवसंरचना विकास को नई ऊर्जा मिलेगी और यह आयोजन राज्य की निर्माण परियोजनाओं में नई ऊंचाइयों को प्राप्त करने में सहायक सिद्ध होगा।*

*सम्मेलन में प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना के तहत नई तकनीकों का कार्यान्वयन, पुल निर्माण में नई मशीनरी का उपयोग और सड़क निर्माण में उपयोग होने वाली नई सामग्रियों पर फोकस रहेगा।*

*सड़क सुरक्षा, परियोजनाओं की निगरानी के लिए आईटी तकनीकों का उपयोग और सीमांत सामग्रियों के उपयोग पर भी गहन मंथन किया जाएगा।*

**प्रधानमंत्री-कर्मयोगी**

**प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी आज नई दिल्ली में कर्मयोगी सप्ताह का शुभारंभ करेंगे। इस सप्ताह के दौरान प्रत्येक सरकारी कर्मी को कम से कम 4 घंटे का पाठ्यक्रम पूरा करना होगा। इससे प्रतिभागियों के अलावा मंत्रालयों, विभागों और संगठनों का क्षमता विकास होगा।**

**खनिज सम्मेलन**

**प्रदेश को कल संपन्न खनिज सम्मेलन में 33 औद्योगिक संस्थानों की ओर से 19 हजार 650 करोड़ रुपये के निवेश प्रस्ताव मिले हैं। मुख्यमंत्री मोहन यादव ने कल सम्मेलन के समापन कार्यक्रम में कहा कि प्रदेश के खनिज राजस्व में भी 5 गुना वृद्धि का लक्ष्य हासिल किया जाएगा। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में देश तेज गति से आगे बढ़ रहा है। खनिज के क्षेत्र में प्रधानमंत्री के विजन के अनुसार भारत वैश्विक स्तर पर महत्वपूर्ण कार्य कर रहा है। प्रदेश सरकार खनिज क्षेत्र में निवेश को भरपूर प्रोत्साहन देगी।**

**कृषि मंत्री-रबी सम्मेलन**

**कृषि और किसान कल्याण मंत्री शिवराज सिंह चौहान आज नई दिल्ली में राष्ट्रीय रबी कृषि सम्मेलन का उद्घाटन करेंगे। एक दिन के इस सम्मेलन का उद्देश्य कृषि प्रणालियों में साझेदारी और नवाचार को बढ़ावा देना है ताकि रबी अभियान को सफल बनाया जा सके। इस अभियान के तहत विभिन्न मंत्रालयों, राज्यों, केंद्र शासित प्रदेशों और संगठनों के अधिकारी आगामी रबी मौसम के लिए प्रमुख पहलों और रणनीतियों पर चर्चा करेंगे।**

**उप निर्वाचन**

**श्योपुर जिले की विजयपुर और सीहोर जिले की बुधनी विधानसभा सीटों पर उप चुनाव की अधिसूचना कल जारी कर दी गई है। इसके साथ ही अभ्यर्थियों द्वारा नामांकन दाखिल करने की प्रक्रिया भी शुरू हो गई है। मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी सुखवीर सिंह ने बताया कि कल पहले दिन कोई नामांकन पत्र दाखिल नहीं हुआ। नामांकन पत्र भरने की अंतिम तारीख 25 अक्टूबर है। तेरह नवम्बर को मतदान और 23 नवम्बर को मतगणना होगी।**

**आयुर्वेद**

राज्यपाल मंगुभाई पटेल ने कहा है कि प्रदेश में आयुर्वेदिक जड़ी-बूटियों का भरपूर भंडार है और जनजातीय भाई-बहनों के पास प्राकृतिक जड़ी-बूटियों और औषधीय पेड़-पौधों के ज्ञान का खजाना मौजूद हैं। उन्होंने सभी से आव्हान किया कि आयुर्वेद के फायदों के बारे में आमजनों को जागरूक करें। राज्यपाल कल पंडित उद्धवदास मेहता स्मृति न्यास द्वारा आयोजित शीर्ष आयुर्वेद चिकित्सकों का सम्मान और अखिल भारतीय आयुर्वेद निबंध प्रतियोगिता के पुरस्कार समारोह को संबोधित कर रहे थे। श्री पटेल ने आयुष के क्षेत्र में हर्बल मेडिसिन, आयुर्वेद और योग पर्यटन की असीम संभावनाओं को अवसर में बदलने के विशेष प्रयासों पर जोर दिया। उन्होंने बच्चों को फास्ट फूड्स और कोल्ड ड्रिन्क्स के सेवन से बचने, नियमित योग और कसरत करने की सलाह दी।

## फार्मा पॉलिसी

मुख्यमंत्री मोहन यादव ने कहा है कि प्रदेश में फार्मा पॉलिसी बनाई जाएगी। वे कल मुंबई में इंडिया केम- 2024 के 13वें संस्करण को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि केमिकल, फार्मा, पेट्रो-केमिकल और प्लास्टिक जैसे उद्योगों के लिए बेहतरीन इको-सिस्टम मौजूद है। वर्ष 2023-24 में 11 हजार 889 करोड़ रुपये के फार्मा प्रोड्क्ट का निर्यात हुआ है। इस क्षेत्र में और अधिक निवेश आकर्षित करने तथा गतिविधियों को विस्तार देने के लिए राज्य सरकार नीति बनाने जा रही है। उन्होंने कहा कि प्रदेश में 35 हजार करोड़ की गेल इंडिया की वृहद पेट्रो-केमिकल परियोजना का काम तेजी से जारी है, इससे 25 हजार व्यक्तियों को प्रत्यक्ष एवं अप्रत्यक्ष रोजगार मिलेगा। प्रदेश में 275 फार्मा यूनिट्स स्थापित हैं, जिनसे 160 से अधिक देशों को दवाएं निर्यात हो रही हैं। दवा निर्यात में मध्यप्रदेश का देश में चौथा स्थान है।

## पर्यटन अवार्ड

अंतर्राष्ट्रीय ट्रेवल मैगजीन लक्स-लाइफ द्वारा मध्य प्रदेश टूरिज्म बोर्ड को मरीन टूरिज्म अवॉर्ड में 'इनलेंड वॉटर टूरिज्म एक्सलेंस अवॉर्ड 2024' से सम्मानित किया है। मरीन टूरिज्म अवार्ड्स 2024 में पर्यटकों को अविस्मरणीय अनुभव देने

वाली दुनिया की सबसे उल्लेखनीय टूरिज्म अनुभव व्यवसायों की उपलब्धियों को सम्मानित किया है। मैगजीन द्वारा यह सम्मान जल पर्यटन के क्षेत्र में नवाचार करने, पर्यटन अनुभव बढ़ाने एवं राज्य की जल निकायों में अभिनव पय़र्टन संरचनाओं को विकसित करने के लिये दिया गया है। प्रमुख सचिव पर्यटन शिव शेखर शुक्ला ने बताया कि प्रदेश में जल आधारित पर्यटन की अपार संभावनाएं हैं। चारों तरफ जमीन से घिरा होने के बावजूद विभिन्न जल निकायों में 37 गतिविधियों का संचालन अधिसूचित 22 जल निकायों में निजी हितधारकों के साथ मिलकर किया जा रहा है। 16 बोट क्लब पय़र्टन विभाग संचालित कर रहा है।

## श्रमिक कल्याण

मध्यप्रदेश श्रम कल्याण मण्डल ने प्रदेश में उज्जैन, पीथमपुर, भोपाल, जबलपुर एवं सतना में 05 आदर्श श्रम केन्द्र विकसित करने का निर्णय लिया है। श्रम, पंचायत एवं ग्रामीण विकास मंत्री प्रहलाद सिंह पटेल ने बताया कि श्रम कल्याण मण्डल की अंतिम संस्कार सहायता योजना का लाभ केवल श्रमिक को मिलता था, जिसका विस्तार करते हुये पात्र श्रमिक के परिवार में पत्नि, पुत्र-पुत्री एवं माता-पिता को भी योजना में शामिल किया गया है। इसके साथ ही मण्डल की अनुग्रह सहायता योजना का लाभ पहले केवल श्रमिक को मिलता था, जिसका विस्तार करते हुये पात्र श्रमिक के परिवार में पत्नि, पुत्र-पुत्री एवं माता-पिता को भी योजना में शामिल किया गया है। पात्र दिव्यांग श्रमिकों को इलेट्रिक वाहन प्रदाय करने का निर्णय लिया गया है, इस वर्ष 50 श्रमिकों को इलेट्रिक वाहन प्रदाय किये जायेगें।

## स्कूली खेल

सतना में स्कूली बास्केटबाल के बालक वर्ग में इंदौर संभाग और बालिका वर्ग में जबलपुर की टीम विजेता बनी है। दोनों वर्गों में उज्जैन उपविजेता बनी है। बालक वर्ग के फाइनल में इंदौर संभाग ने 3 अंक से उज्जैन को हराया। बालिका वर्ग में उज्जैन एवं जबलपुर संभाग के बीच बास्केट बाल का फाइनल मैच खेला गया।

जिसमें जबलपुर संभाग 1 अंक से विजयी रहा। इस मौके पर विजेता, उपविजेता एवं तृतीय स्थान प्राप्त खिलाडियों को पुरूस्कार एवं ट्राफी देकर सम्मानित किया गया।

**संक्षिप्त समाचार**

- नवनिर्मित रीवा एयरपोर्ट का प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी वर्चुअल माध्यम से कल शुभारंभ करेंगे।
- खण्डवा जिले के ग्राम देवला रैयत में निःशुल्क आयुर्वेद स्वास्थ्य शिविर में आयुष चिकित्सकों ने विभिन्न रोगों का उपचार किया। कुल 219 मरीजों की जांच की गई।
- "प्रधानमंत्री सूक्ष्म खाद्य प्रसंस्करण उद्यमों के औपचारिकीकरण की योजना पर कल आगर मालवा स्थित पॉलिटेक्निक कॉलेज में संगोष्ठी मे सूक्ष्म खाद्य प्रसंस्करण इकाइयों की स्थापना के बारे में विस्तार से जानकारी दी गई। वहीं रोजगार कार्यालय के भर्ती अभियान में 09 आवेदकों को रोजगार प्राप्त हुआ।
- डिंडोरी में कल रोजगार मेले में कुल 23 आवेदकों का प्रारंभिक चयन कर आफर लेटर प्रदान किया गया। रोजगार मेले में 4 कंपनियों ने भाग लिया।
- सिखों के चौथे गुरु, गुरु रामदास जी का प्रकाश पर्व, आज गुरुद्वारा गुरुसिंघ सभा बैतूल में श्रद्धा और भक्ति के साथ मनाया जा रहा है। इस विशेष अवसर पर गुरुद्वारे में सुबह कीर्तन दीवान का आयोजन किया गया है। कीर्तन के बाद गुरु का लंगर होगा।

**अंत में मुख्य समाचार, एक बार फिर**

- केन्द्रीय मंत्री नितिन गडकरी आज सड़क और पुल निर्माण में नई तकनीक पर सेमीनार का भोपाल में करेंगे शुभारंभ।
- खनिज सम्मेलन में प्रदेश में 33 औद्योगिक संस्थानों की ओर से 19 हजार करोड़ से अधिक के निवेष प्रस्ताव आए।

- **प्रदेश में फार्मा पॉलिसी बनेगी।**
- **सतना में स्कूली बास्केटबॉल के बालक वर्ग में इंदौर, बालिका वर्ग में जबलपुर विजेता बनी।**